


Carpenter's monthly newspaper

# कारपेंटर्स न्यूज

www.carpentersnews.com

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | अक्टूबर 2022 | वर्ष : 17 | अंक : 11 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

इंजीनियरिंग के छात्रों ने ढूंढा प्लाईवुड का विकल्प ... पेज - 7



# देश भर में पूजे गए देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा

## कल-कारखानों में काम बंद कर भक्ति में डूबे रहे लोग

मुंबई। विश्वसृष्टा भगवान विश्वकर्मा के महापूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 17 सितंबर को आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजनोत्सव के अवसर पर कल-कारखानों में काम बंद रहा। पूजा पंडालों में हवन- पूजन व भक्ति कीर्तन के साथ महाभंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान विश्वकर्मा के मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सृजन व निर्माण देवता को नमन कर लोगों ने कारोबार में वृद्धि कामना की।



विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था की ओर से आयोजित श्री विश्वकर्मा महापूजा समारोह में भाजपा मुंबई के उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील राना व अधिवक्ता जे. पी. शर्मा।



बिहार विश्वकर्मा समाज सेवा संघ की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन धारावी स्थित काला किल्ला, गोल्ड फील्ड कम्पाउंड में आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष सुखदेव शर्मा व अन्य पदाधिकारी।

**विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था की ओर से सांताक्रुज (पूर्व)** कालीना स्थित संस्था के प्रांगण में श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व गृह राज्यमंत्री, भाजपा महाराष्ट्र उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह ने कहा कि विश्वकर्मा समाज की एकता से अन्य समाज के लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। विश्वकर्मा समिति में सामाजिक कार्यों के लिए उन्होंने विधान परिषद नेता प्रवीण दरेकर के विधायक निधि से 10 लाख रुपए दिलाने का वादा किया।

भाजपा मुंबई के उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा है कि विश्वकर्मा समाज अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त ब्रह्मांड की रचना भगवान विश्वकर्मा के हाथों से हुई है। विश्वकर्मा ने इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंका, जगन्नाथपुरी आदि का निर्माण किया। भगवान विश्वकर्मा का एक अलग पुराण ही है। विश्वकर्मा समाज को मिली कारीगरी ईश्वरीय उपहार है, इनके बिना सुखमय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इस समाज का देश की प्रगति में अहम योगदान रहा है।

भाजपा नेता आर. यू. सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण के देवता हैं और विश्वकर्मा वंशज उनके सच्चे उपासक हैं जो सकारात्मक दिशा में अपना दिमाग लगाकर देश के नवनिर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समिति से हमारा बहुत पुराना नाता है। पूर्व सांसद संजय निरुपम ने कहा कि जिस क्षेत्र का मैंने प्रतिनिधित्व किया, वहां हनुमान नगर के विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा पूजा पर हमेशा जाया करता था। उन्होंने विश्वकर्मा समिति के माध्यम से किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा नेता अखिलेश चौबे, प्रमोद मिश्रा, अजय शुक्ला आदि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम में डॉ. मालविका विश्वकर्मा ने शिक्षा व अधिवक्ता भूमि विश्वकर्मा ने दहेज कानून विषय अपने विचार व्यक्त किए।

विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील राना व अधिवक्ता जे. पी. शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में गायिका पूनम विश्वकर्मा, साधना सरगम ने भजन व समसामयिक गीत प्रस्तुत किया। समारोह में फिल्मकार नीरज विश्वकर्मा व सेवन हिल अस्पताल के डॉ. संजय विश्वकर्मा का विशेष योगदान के लिए सत्कार किया गया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामनेरश विश्वकर्मा, अधिवक्ता टी. एस. विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, धनराज शर्मा, दिनेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, विजयशंकर विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, पत्रकार हरिगोविंद विश्वकर्मा, लल्लन विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, बालगोविंद विश्वकर्मा, परविंद विश्वकर्मा,अवधेश विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, मेवालाल विश्वकर्मा, रामदास विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन गंगाराम विश्वकर्मा ने किया।

**श्री विश्वकर्मा समिति, श्री विश्वकर्मा वेलफेयर ट्रस्ट** की ओर से कांदिवली (पूर्व) हनुमान नगर स्थित वडारपाड़ा रोड नंबर 1 पर श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष लालजी विश्वकर्मा ने बताया कि पूजा व हवन के बाद धार्मिक, सामाजिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत कुमार सपन एंड पार्टी ने समसामयिक भजन गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से सांताक्रुज (पूर्व)** स्थित डिमेलो कम्पाउंड, वाकोला में नवजीवन रहिवासी संघ के समाज मंदिर हाल में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। संस्था के महामंत्री शोभनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सागर म्यूजिकल ग्रुप ने भजन गीत प्रस्तुत किये।

**श्री विश्वकर्मा विकास समिति गोरेगांव संस्था** की ओर से बांगुर नगर स्थित नवजीवन संस्कार धाम में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष जवाहरलाल विश्वकर्मा ने बताया कि पूजा हवन के बाद महाप्रसाद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित की गई। **श्री विश्वकर्मा सहयोग सेवा समिति, पवई** की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन तुंगागांव में किया गया। संस्था के अध्यक्ष गुलाबचंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत दीपक सुहाना इंटरटेनमेंट की ओर से भजन संध्या प्रस्तुत किया गया।

**श्री विश्वकर्मा कल्याण मंडल मुंबई संस्था** की ओर से कुर्ला (पश्चिम) मसरानी लेन, हलाव पुल, विश्वकर्मा कम्पाउंड में श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के मंत्री ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे से 3 बजे तक हवन- पूजा के बाद रात 10 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**बिहार विश्वकर्मा समाज सेवा संघ** की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन धारावी स्थित काला किल्ला, गोल्ड फील्ड कम्पाउंड में आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय समारोह में 17 सितंबर को मूर्ति स्थापना पूजन,18 को भजन कीर्तन व 19 को सत्यनारायण महापूजा, भंडारा व विसर्जन कार्यक्रम आयोजित की गई। इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**श्री विश्वकर्मा फाउंडेशन** की ओर से मीरा रोड के साईबाबा नगर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा पूजन के साथ ही संमाज के डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, शिक्षक, अधिवक्ताओं आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मंच का संचालन संस्था के अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने किया। **श्री विश्वकर्मा सेवा संस्था, पालघर** की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन नायगांव (पूर्व) स्थित परेरा नगर में श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित की गई। 16 सितंबर को सायं 6 बजे मूर्ति आगमन के साथ सुंदरकांड व 17 सितंबर को सुबह 10. 30 मूर्ति स्थापना, पूजा हवन के बाद सायं 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात महाप्रसाद वितरित किया गया। **श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल संस्था, वसई** की ओर से भगवान श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन वसई (पश्चिम) स्थित अंबाडी रोड स्थित स्वामी नारायण मंदिर हाल में आयोजित की गई। इस अवसर पर आचार्य कृष्णाचार्य महाराज के मुखारविंद से श्री विश्वकर्मा कथा सुनाई गई। **श्री विश्वकर्मा विकास सेवा समिति, काशीमीरा संस्था** की ओर से सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन मीरा रोड (पूर्व) स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के पास श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित की गई। सुबह 10 बजे पूजा हवन के बाद अपराह्न 3 बजे से सामाजिक गोष्ठी व संगीत संध्या का आयोजन किया गया। **श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज एसोसिएशन ठाणे** की ओर से भीम नगर , हिंगलाज माता मंदिर हाल, वर्तक नगर में श्री विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से पूजा हवन के बाद दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद तत्पश्चात् रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम व सत्कार समारोह का आयोजन किया गया।

**श्री विश्वकर्मा सेवा ट्रस्ट संस्था, ठाणे** की ओर से सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन ठाणे (पश्चिम) ब्रह्मांड, आजाद नगर में आयोजित की गई। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजा हवन के बाद महाप्रसाद तत्पश्चात बिरहा गायक कलाकार चन्दन शर्मा (गाजीपुर) व सरोज यादव (वाराणसी) का जोरदार मुकाबला हुआ।

**श्री विश्वकर्मा सेवा मंडल, भायंदर** की ओर से रावल नगर में शांति निवास, केबिन रोड के पास सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा महापूजा आयोजित की गयी। पूजा हवन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, प्रसाद वितरण दोपहर 12 से 1 बजे तक व प्रीति भोज दोपहर 1 से 3 बजे तक आयोजित की गई।

साकीनाका खैरानी रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में श्री विश्वकर्मा भगवान मंदिर में विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। **भारतीय श्री विश्वकर्मा कल्याण समाज संस्था, अंधेरी (पूर्व)** की ओर से निकलावाड़ी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। **राष्ट्रीय विश्वकर्मा महासंघ** की ओर से कांदिवली (पश्चिम) संजय नगर में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। **विश्वकर्मा सेवा समाज भांडुप** की ओर से भी महापूजनोत्सव का आयोजन किया गया। **श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति मुंबई** संस्था की ओर से घाटकोपर (पश्चिम) स्थित असल्फा के ओधवधाम जंगलश्वेर महादेव मंदिर रोड, भानुशाली महाजनवाड़ी में विश्वकर्मा महापूजा आयोजित की गई। **श्री विश्वकर्मा सहयोग समिति** संस्था की ओर से सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन कांदिवली (पूर्व) महात्मा गांधी चाल, वडारपाढ़ा में किया गया।

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com

हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | अक्टूबर 2022 | वर्ष : 17 | अंक : 11 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


**सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**
**- संपादक**

## बॉस बीकनेक्ट से जुड़ेंगे कारपेंटर

BOSCH

**मुंबई।** बॉस पावर टूल्स की ओर से शनिवार 15 अक्टूबर को सायं 7 बजे आयोजित कारपेंटर सम्मेलन 2022 में कारपेंटर कंपनी की ओर से शुरू किये गए यूजर एप्लिकेशन एंड स्किम योजना बॉस बीकनेक्ट से जुड़ेंगे। बॉस बीकनेक्ट एप्लिकेशन में बॉस पावर टूल्स के किसी भी उत्पाद को खरीदने पर तुरंत कैशबैक मिलेगा। इस एप्लिकेशन में बॉस पावर टूल्स उत्पादों को भी देखा जा सकता है। कारपेंटर सम्मेलन में बॉस पावर टूल्स के वुड वर्किंग प्रोडक्ट के प्रजेंटेशन के साथ डेमो भी दिखाया जायेगा। कंपनी के पावर टूल्स, पावर टूल्स एक्सेसरीज, कॉर्डलेस पावर टूल्स, मेजरिंग टूल्स आदि प्रोडक्ट को कारपेंटर देख सकेंगे।

# त्योहारी सीजन में इंडियन फर्नीचर की बढ़ी रौनक

**मुंबई।** नवरात्र के बाद से फर्नीचर बाजार में इंडियन फर्नीचर की मांग बढ़ गई है। कोरोना महामारी के दौरान फर्नीचर बाजार पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा था। उस समय आर्थिक संकट के चलते फर्नीचर कारोबार से जुड़े व्यवसाई व कारपेंटर दूसरे व्यवसाय से जुड़कर अपने परिवार के भरण पोषण करने के लिए मजबूर हो गए थे। अब नवरात्र से फर्नीचर में डिमांड और क्वैरिज बढ़ने से फर्नीचर व्यवसाई उत्साहित हैं।

कोरोना महामारी के प्रभाव से बाहर निकलने के दो वर्ष बाद दीवाली के त्योहारी सीजन में बाजार को पंख लगने की उम्मीद है। इस दीवाली में खुदरा चीजों के साथ ही होम डेकोर की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म डेलॉइट के एक सर्वे के मुताबिक ऐशो आराम के साथ मनोरंजन की चीजें खरीदने, घूमने और रेस्तरां पर खाने पीने पर लोग 30 प्रतिशत अधिक खर्च करेंगे। सर्वे में कहा गया है कि महंगाई के बावजूद सभी आयु वर्ग के लोग अगले चार सप्ताह अधिक खर्च करेंगे। कपड़े 13 प्रतिशत, इलेक्ट्रानिक 13 प्रतिशत, जबकि होम डेकोर 10 प्रतिशत खरीदारी करेंगे।



दीपावली और त्योहारी सीजन में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद लगाए व्यापारी प्लान बनाकर ग्राहक को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फर्नीचर व्यवसाइयों का मानना है कि आने वाले धनतेरस वीक, दीपावली और फिर लगन सीजन में फर्नीचर के कारोबार में अच्छी ग्राहकी से चमक-धमक लौट आएगी। इन दिनों होम फर्नीचर में एल-सोफा, डायनिंग सेट, मैट्रेस, डबल बेड, वुडन वॉर्डरोब, सोफा कम बेड और ऑफिस फर्नीचर की जबरदस्त डिमांड है।

व्यापारियों की मानें तो दीपावली वाले महीने में सबसे अधिक कारोबार होने की संभावना है। फर्नीचर व्यापार शादियों के सीजन में भी बूम करता है। लिहाजा सभी व्यापारी स्टाक, एडवांस व स्टाइलिश फर्नीचर के सामानों को अपने प्रतिष्ठान में कस्टमर्स को लुभाने के लिए सजाने में जुटे हुए हैं। आमतौर पर कई वर्षों से चाइनीज फर्नीचर के कस्टमर्स मिल जाया करते थे, लेकिन इस बार फर्नीचर बाजार में चाइनीज फर्नीचर की डिमांड घट गई है। इसकी जगह इंडियन फर्नीचर ने ले ली है। फर्नीचर खरीदने आए कस्टमर्स को इंडियन ब्रांडेड और टिकाऊ फर्नीचर पसंद आ रहे हैं। कुल मिलाकर जागरूक होते ग्राहक देशी और भारतीय चीजों को पसंद कर रहे हैं। भारतीय फर्नीचर जहां टिकाऊ साबित हो रहा है। कई ब्रांड्स तो इनकी मरम्मत, डिलीवरी और वारंटी भी दे रहे हैं। फर्नीचर बाजार में चमकदार सोफे, डायनिंग टेबल समेत तमाम फर्नीचर की शोरूम्स में लंबी चेन है।


E3 PVC EDGE BAND TAPE



दीपावली की शुभकामनाएं

कारपेंटर भाइयों की पहली पसंद

भारत में निर्मित

रहे हमेशा नई जैसी

लगाने में आसान, कभी न उतरे

बचाए आपके फर्नीचर को पानी और दीमक से

1st INDIAN MANUFACTURER IN WORLD CLASS QUALITY

E3

elegant | everlasting | economical

+91 70251 70251 | info@e3panels.com | www.e3panels.com

DEALERS ENQUIRY SOLICITED FOR PAN INDIA


NIKHIL
Mahacol®
The Right Adhesive
महाकोल
जलवीर
Coverage: 48 – 53 sq. ft / kg
अथवा
Rs.15
TOKEN
PER POUCH
Mahacol®
jalveer
बेहतरीन कवरेज
वॉटर प्रूफ एडहेसिव

# सृष्टि के अभियंता की चहुंओर जय-जयकार

वाराणसी में श्री विश्वकर्मा पूजा भक्ति भाव के साथ आयोजित की गई। कल कारखानों में पूजन अर्चन किया गया। लोग भक्ति भाव में डूबे रहे। कई स्थानों पर आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। पूर्वोत्तर रेलवे के कारखाने, रोडवेज, रेलवे, बिजली उपकेंद्रों, बी एच यू अस्पताल स्थित इंजीनियरिंग विभाग व पुलिस लाइन में देव शिल्पी की धूमधाम से पूजा हुई। परिवहन निगम की ओर से रोडवेज कैंट डिपो व क्षेत्रीय वर्कशाप में पूजा हुई। रोडवेज कर्मियों के साथ सामान्य जनमानस ने भगवान विश्वकर्मा का दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। बनारस रेल इंजन कारखाना में अधिकारियों व कर्मचारियों ने विधि विधान से पूजन कर भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी। भोग लगाकर लोगों में प्रसाद का वितरण हुआ। लघु उद्योग भारती संगठन के कबीरचौरा स्थित कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन हुआ।









रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा और यंत्र उपकरणों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राज्य के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई देते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में राज्य के श्रमवीर सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि विश्वकर्मा महापूजा का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा भी उन्हें दी गई है। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सपा मुख्यालय में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के बाद कहा कि भाजपा सरकार ने पूजा पर्व पर घोषित सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर विश्वकर्मा समाज का अपमान किया है। अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा पूजा पर सभी प्रदेशवासियों व विश्वकर्मा समाज को बधाई देते हुए कहा कि सृष्टि के शिल्पकार के रूप में भगवान विश्वकर्मा की प्रसिद्धि है। इंद्र के सबसे शक्तिशाली अस्त्र वज्र का निर्माण भी विश्वकर्मा भगवान ने ही किया था। राजस्थान के नागौर के मकराना शहर के हॉस्पिटल रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा महापूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जांगिड़ युवा प्रकोष्ठ मकराना के सचिव वेदप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे हवन कार्यक्रम किया गया। हवन के मुख्य यजमान हीरालाल जांगिड़, जितेंद्र जांगिड़ और गिरधारी जांगिड़ थे। हवन के पश्चात 11 बजे भगवान विश्वकर्मा जी की सामुहिक आरती की गई। संभाजी नगर में श्री गणेश विश्वकर्मा मंडल की ओर से श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन बीड बायपास रोड,बालपुर कमान के सामने विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष रामशब्द विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह 10 से महापूजा शुरू हुई उसके बाद महाप्रसाद वितरित की गई।

### विश्वकर्मा पूजा पर हाथियों की पूजा

सिलीगुड़ी में बंगाल सफारी के महावत ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर अपने दो हाथियों की पूजा की। महावत नरजिनारी ने बताया कि हमारे पास उर्मिला और लक्ष्मी नाम की दो मादा हाथी हैं। हाथियों की सलामती की दुआ के लिए हमने उनकी पूजा की है। हाथी को विश्वकर्मा के वाहन के रूप में जाना जाता है। इसलिए लोग भगवान विश्वकर्मा की तो पूजा करते ही हैं उनके वाहन की भी पूजा करते हैं।

धीमान परिवार व जुड्डा जाटान निवासी की ओर से जुड्डा जाटान गांव में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन व भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भीलवाड़ा की शाहपुरा विधानसभा के फूलियाकलां उपखंड मुख्यालय पर विश्वकर्मा जांगिड़ समाज मंदिर विकास कमेटी धानेश्वर के सानिध्य में विश्वकर्मा महापूजा पर कलशयात्रा और शोभायात्रा निकाली गई। धानेश्वर मंदिर विकास कमेटी के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा महापूजा अवसर पर कस्बे के गढ़ में स्थित चारभुजानाथ मंदिर से सुबह साढे 11 बजे कलशयात्रा और शोभायात्रा शुरू हुई। बैंडबाजों के साथ निकाली गई कलशयात्रा में जांगिड़ समाज की 51 महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर भजनों पर नाचती गाती चल रही थी। वहीं एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भगवान विश्वकर्मा की झांकी की शोभायात्रा चल रही थी। जो गढ़ चौक से सदर बाजार, गणेश बाजार, साहजी चौक, रामद्वारा चौराहा के साथ ही कस्बे के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई ढाई किलोमीटर दूर धानेश्वर स्थित समाज के विश्वकर्मा मंदिर तक पहुंची। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपने भजनों की आकर्षक प्रस्तुति देकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर तीर्थ स्थल में समाज के विश्वकर्मा मंदिर पर भव्य विद्युत सजावट भी की गई। कार्यक्रम के दौरान भक्तजनों को प्रसाद का भी वितरण किया गया। अंबाला में श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा कैथ माजरी अंबाला शहर प्रधान रामपाल धीमान, सभा के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सुबह हवन यज्ञ किया गया। पूजा उपरांत खीर का प्रसाद बरताया गया। हवन पूजा के यजमान गुरचरन धीमान मुख्य सचिव सपत्नीक उपस्थित रहे। कोर्ट रोड विश्वकर्मा मंदिर में कार्यकारी प्रधान विजय धीमान व अन्य सदस्यों ने सुबह 9 बजे हवन पूजा कर प्रसाद वितरित किया। अंबाला छावनी में गुरमीत धीमान पूर्व प्रधान अपनी पुरानी व नई टीम के साथ कालीबाड़ी मंदिर में हवन पूजा के बाद विश्वकर्मा मंदिर मनीमाजरा पहुंचे। पिंजौर में स्थानीय सभा की ओर से विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-हवन कर प्रसाद बांटा गया। गिरवर सिंह जांगिड ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तापड़िया®
AN ISO-9001 CO.

लीजिए "तापड़िया" के औजार
और अनुभव कीजिए हाथों में शक्ति
प्रत्येक व्यक्ति को हैण्ड टूल्स की आवश्यकता होती हैं।




"तापड़िया" औजार चलें जीवन भर
औजार मानव के हाथ का विस्तार हैं।

Ask For Other Quality Hand Tools From Taparia Like Line Tester, Tin Cutter, Cable Cutter, Bolt Cutter, Socket Sets, Hacksaw Blades & Non-Sparking Tools Etc...

TAPARIA

Head Office :- 423/424, A-2, Shah & Nahar, Lower Parel (W), Mumbai - 400013. | Tel: 022 - 6147 8646
E-mail: sales@tapariatools.com | Visit us at www.tapariatools.com
Works: 52-B, M.I.D.C., Satpur, Nashik - 422007 | Tel: 0253 - 2350 317
E-mail: nashik@tapariatools.com | CIN : L99999MH1965PLC013392

AN ISO 9001 COMPANY

TJM/TTL/22/HIN

Since 1986

**Suzu**®

An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years

INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series

INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

# FROM THE DESK OF CEO

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.



## Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

**Vijay Kumar Dutta**
C.E.O.

~ Our Global Associates ~

DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on :

उत्पाद नवाचार

# इंजीनियरिंग के छात्रों ने ढूंढा प्लाईवुड का विकल्प

**मुंबई। आजादी के अमृत महोत्सव पर अंगोल आंध्रप्रदेश में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में छत्तीसगढ़ के सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों ने धान और नारियल के भूसे से प्लाईवुड बनाया। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के भावी इंजीनियरों को इस आइडिया के लिए स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में एक लाख रुपए का इनाम दिया गया। छात्राओं ने पेड़ों को काटने से बचाने और पर्यावरण की रक्षा की दिशा में एक नवाचार किया है।**

छात्रों ने धान के भूसे और नारियल के बुरादे को संघनित कर प्लाईवुड बनाया है। यह सामान्यतः बाजार में मिलने वाले प्लाईवुड का विकल्प है और उससे अधिक मजबूत भी है। जिसका इस्तेमाल सामान्य प्लाईवुड के तौर पर किया जा सकता है। सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को यह विषय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जल शक्ति मंत्रालय से दिया गया था। छात्रों ने रैपिड डिकंपोजीशन ऑफ वेस्ट मटेरियल इन रूरल एरियास पर शोध करना शुरू किया। विद्यार्थियों ने करीब चार महीने इस विषय पर काम किया। इस टीम में ट्विंकल देवांगन, अक्षत सिंह राजपूत, अभिषेक वर्मा, आकाश साहू, आदित्य सिंह भुआल और प्रतिमा साहू शामिल थीं। उनके मेंटर प्रोफेसर अनुराग वहाणे और अनंत कुमार थे।

शोध करने वाले छात्र ने बताया कि धान और नारियल के बुरादे से प्लाईवुड बनाया जाए तो इसके लिए पेड़ों को काटना नहीं पड़ेगा, यह काफी सस्ता होगा और प्रकृति को नुकसान भी नही होगा। संस्था के सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. तरूण कुमार रजक ने बताया कि परंपरागत तरीके से किसी केबिन, पार्टीशन, दरवाजे या फर्नीचर का निर्माण प्लाईवुड से किया जाता है। इसके लिए प्रति वर्ष 15 करोड़ पेड़ काटे जाते हैं। इसकी तुलना में सिर्फ 5 करोड़ पौधे ही लगाए जाते हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए टीम ने प्लाईवुड का नया विकल्प खोजा है। इससे पेड़ों की कटाई करने की अधिक जरूरत नहीं होगी।

# पुष्पा फिल्म के फार्मूले पर चुराई गई सागौन की लकड़ियां

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में फिल्म पुष्पा की स्टाइल में सागौन की लकड़ियों को नदी में बहा कर तस्करी की जा रही थी। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की तो लकड़ी की तस्करी की पोल खुल गई। जिसके बाद पुलिस ने चार लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा इलाके में आलनपुर बीट है जो नरसिंहपुर और सागर जिले की वन सीमा से लगी है। जिस नदी से सागौन की लकड़ी की तस्करी की जा रही थी, वह बरांझ नदी यहीं से होकर बहती है। नदी के सहारे सागौन की लकड़ी की तस्करी के लिए फिल्म पुष्पा का फार्मूला अपनाया गया। तस्करों ने नरसिंहपुर में तेज बारिश के चलते



बरांझ नदी में आई बाढ़ का फायदा उठाया और लाखों रुपये के कीमत की सागौन की लकड़ी की तस्करी नदी में बहा कर शुरू कर दी। इस तस्करी की सूचना कुछ मुखबिरों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद वनरक्षक और बीट गार्डों ने 52 नग सागौन की लकड़ी को नदी में बहते हुए पकड़कर जब्त किया।

## लकड़ी के अवैध परिवहन पर वन विभाग का एक्शन

**नरसिंहपुर।** लकड़ियों के अवैध परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद वन मंडल की कार्रवाई में 69 सागौन की सिल्लियां जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा कायम कर बरामद लकड़ी को बरमान डिपो पहुंचाकर इसकी टैगिंग भी कराई गई है। वहीं जमुनिया वन क्षेत्र के समीप एक फर्नीचर मार्ट से वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने अवैध 40 लठ्ठे जब्त किए। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए आंकी गई है। फर्नीचर मार्ट के आरा मशीन को सील करने के साथ ही जिला वन मंडलाधिकारी ने इसका लाइसेंस भी निरस्त कर दिया है।

# प्लाईवुड कंपनी के मालिक ने मजदूरों को बनाया बंधक

**जगदलपुर। तेलंगाना के एक प्लाईवुड कंपनी के मालिक ने छत्तीसगढ़ के 24 मजदूरों को बंधक बना लिया। उनके आधार कार्ड, एटीएम समेत अन्य दस्तावेज भी अपने पास रख लिए थे। कई महीनों से मेहनताना भी नहीं दिया जा रहा था। इस मामले की जानकारी बस्तर जिला प्रशासन को मिलते ही तुरंत टीम भेजकर तेलंगाना से 24 मजदूरों को छुड़वाकर बस्तर लाया गया।**

प्लाईवुड कंपनी के मालिक से इन मजदूरों का करीब 2 लाख 63 हजार रुपए मेहनताना भी वसूला गया, जिसे मजदूरों को दे दिया गया। मीडिया खबरों के मुताबिक जगदलपुर के नेतानार ग्राम के रहने वाले संजय नाग ने बस्तर के मजदूरों को तेलंगाना में बंधक बनाए जाने की जानकारी जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन को दी थी। संजय ने बताया था कि बस्तर के कुछ मजदूर विकाराबाद में एक प्लाईवुड कंपनी में काम कर रहे हैं। जिनका एटीएम, आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मालिक ने अपने पास रख लिया है। घर जाने नहीं दिया जा रहा है और न ही मजदूरी का भुगतान कर रहे। इस मामले की जानकारी मिलते ही रेखचंद जैन ने बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार को मजदूरों को छुड़वाकर लाने को कहा।

बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने एक टीम का गठन किया। मजदूरों को छुड़वाने के लिए कुछ दिन पहले तेलंगाना भेजा गया था। इस दल के सदस्यों ने तेलंगाना के विकाराबाद के कलेक्टर से संपर्क किया। फिर वहां प्लाईवुड कंपनी में कार्यरत बस्तर के 24 मजदूरों को छुड़वाकर 17 सितंबर को बस्तर लाया गया। इनमें बस्तर और कोंडागांव के पांच-पांच, दंतेवाड़ा और नारायणपुर के चार-चार मजदूर शामिल हैं। बीजापुर और कांकेर के भी तीन-तीन मजदूर बंधक बनाए गए थे। जगदलपुर लाने के बाद सभी को उनके घर भेज दिया गया है। साथ ही मजदूरों को समझाइश दी गई है कि वे भविष्य में ग्राम सचिव को बिना सूचना दिए अन्य प्रदेशों में काम के लिए न जाएं।

## भरवारा गांव के फर्नीचर व्यापारी के घर चोरी

**कानपुर।** भरवारा गांव के फर्नीचर व्यापारी अरविंद राजपूत के घर 90 हजार रुपये और चार लाख के जेवर की चोरी हो गई। अरविंद का बस स्टैंड के पास फर्नीचर का दुकान है। हरतालिका तीज के दिन उनकी पत्नी पड़ोस में भजन-कीर्तन कार्यक्रम में गई थी। अरविंद और परिवार के अन्य लोग भोजन करके सो गए थे। देर रात चोर दीवार फांदकर मकान में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवर ले गए। सुबह सामान बिखरा देखकर व्यापारी को चोरी की जानकारी हुई। व्यापारी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि चोर रुपयों के अलावा मंगलसूत्र, चार अंगूठी, बेंदी, झुमकी समेत 80 ग्राम सोने के गहने ले गए।

# कारपेंटर ने फर्नीचर कारोबारी से मांगी 14 लाख की रंगदारी

**नई दिल्ली।** फर्नीचर मार्केट में एक कारपेंटर को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने फर्नीचर कारोबारी से रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। कारपेंटर आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का करीबी जय बिश्नोई बताकर 14 लाख रूपये की रंगदारी मांगी थी। उसने गत 21 से 27 सितंबर के बीच कारोबारी को तीन बार फिरौती के लिए कॉल किया था।

पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी रोशन कुमार कीर्ति नगर का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल समेत दो मोबाइल व पांच सिमकार्ड बरामद किए हैं। रंगदारी मांगने की साजिश में रोशन का जीजा भी शामिल है। क्राइम ब्रांच अब उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

मीडिया खबरों मुताबिक कीर्ति नगर के एक बड़े फर्नीचर कारोबारी ने रंगदारी मांगे जाने की शिकायत दी थी। कारोबारी ने बताया कि 21 सितंबर को उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य जय बिश्नोई बताते हुए 14 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये नहीं देने पर पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कुछ दिनों के बाद 26 और 27 सितंबर को भी जब ऐसी कॉल आई तो पीड़ित कारोबारी घबराया और उसने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ की। जांच में क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को कीर्ति नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोशन ने बताया कि वह फर्नीचर मार्केट में ही कारपेंटर का काम करता है। उसने अखबारों और टीवी में लॉरेंस बिश्नोई का नाम सुना था। इसलिए उसने अपने जीजा के साथ मिलकर लॉरेंस के नाम रंगदारी मांगने की योजना बनाई। इसके लिए उसने एक नया फोन खरीदा जबकि उसके जीजा ने सिमकार्ड का इंतजाम किया। बाद में आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल कर रंगदारी मांगी।

## फर्नीचर दुकान का चोरों ने तोड़ा ताला

**वाराणसी।** चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के महतवाना मुहल्ला स्थित फर्नीचर की एक दुकान का ताला तोड़कर दुकान से नकदी व दूसरे सामान चोरी होने की रिपोर्ट थाने में की गई है। मानपुर वार्ड निवासी रामायन विश्वकर्मा की महतवाना मुहल्ला वार्ड में फर्नीचर की दुकान है। शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। देर रात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखी तीन ग्राइंडर, एक राउटर, दो कटर, एक वेल्डिंग, एक ड्रिल मशीन व एक प्रेशर मशीन चुरा ले गए।

## करंट से कारपेंटर की मौत

**फतेहाबाद।** हंस मार्केट में कारपेंटर रामचंद्र की करंट लगने से मौत हो गई। दुकान में काम करते समय उसका हाथ बिजली की तार को छू गया, जिससे वह बेसुध होकर गिर गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेड ब्रिगेड ने निकाली बाइक रैली

**मुंबई।** श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट व रेड ब्रिगेड के संयुक्त



तत्वाधान में जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। रेड ब्रिगेड टीम मुंबई के कुर्ला से मीरा रोड के बीच विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से आयोजित विश्वकर्मा महापूजा में पहुंचकर बेटी बचेगी - सृष्टि रचेगी, जल बचाओ - कल बचाओ, सही पोषण - देश रोशन, पर्यावरण बचे - प्राण बचे, स्वच्छ रहें - स्वस्थ रहें, रक्तदान - जीवन दान जैसे विभिन्न सामाजिक विषयों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट व रेड ब्रिगेड सांस्कृतिक व सामाजिक हितार्थ में अपनी सक्रियता से समाज के विकास में अपना योगदान देती रहती है। अपने संस्थागत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए रेड ब्रिगेड कोई न कोई जनसेवा से संबंधित कार्यक्रम करती रहती है।



विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था की ओर से आयोजित श्री विश्वकर्मा महापूजा समारोह में भाजपा नेता आर.यू.सिंह का स्वागत करते हुए लल्लूराम विश्वकर्मा, भाजपा मुंबई कार्यकारिणी सदस्य गंगाराम विश्वकर्मा,संजय विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा व अन्य।



श्री विश्वकर्मा समिति, श्री विश्वकर्मा वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से कांदिवली (पूर्व) श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष लालजी विश्वकर्मा संस्था के सदस्यों के साथ।



नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से सांताक्रुज (पूर्व) स्थित डिमेलो कम्पाउंड, वाकोला में नवजीवन रहिवासी संघ के समाज मंदिर हाल में श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक लालसाहेब विश्वकर्मा, महामंत्री शोभनाथ विश्वकर्मा व अन्य।



रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा और यंत्र उपकरणों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम की ओर से कारीगरों को गोदरेज लॉक्स के नए उत्पादों से रूबरू कराया गया। इस अवसर पर कारीगरों को गोदरेज विशेष लाभ क्लब से भी ऑनलाइन जोड़ा गया।



निखिल एडहेसिव लिमिटेड के उत्पाद महाकोल, महाक्विक, जलवीर, महाकोल पीवीसी ग्लू,हीटफिट आदि उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाकोल की ओर से लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।


OZONE FOR A SAFER WORLD

OZOSTARS एक पहल, अपनों के साथ!

लॉयल्टी प्रोग्राम

## ओज़ोन लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़ें, पाएं कई रिवॉर्ड्स



ओज़ोन लाया है ओज़ोस्टार्स लॉयल्टी प्रोग्राम जिसके अंतर्गत कारपेंटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और फैब्रिकेटर्स को मिलते हैं कई इन्सेन्टिव्स। जब आप ओज़ोन प्रोडक्ट्स लगाने का सुझाव अधिक से अधिक कस्टमर्स को देते हैं तो आप पा सकते हैं 5.25% तक की एक्स्ट्रा कमाई।

ओज़ोन प्रोडक्ट्स इंडियन किचेन्स के लिए बने हैं। ये बहुत मज़बूत और लम्बा चलने वाले प्रोडक्ट्स हैं। इनकी क्वालिटी और स्टैण्डर्ड किसी भी जर्मन फिटिंग्स की तुलना में अव्वल स्तर पे है। जहां ओज़ोन प्रोडक्ट्स से आपको इतने रिवॉर्ड्स मिलते हैं, वहीं आपके कस्टमर्स को आपकी सर्विस से खुशी और संतुष्टि मिलती है।

तो जल्द से जल्द इस प्रोग्राम में भाग लें और सारे लाभ उठाएं।

**ओज़ोन ओज़ोस्टार्स कार्यक्रम में एनरोल करने का तरीका**

1. ओज़ोस्टार्स ऐप डाउनलोड करें
2. अपनी डीटेल्स भरें और लॉग इन करें

या हेल्पडेस्क नंबर **18002020204** पे कॉल करें और अपनी डीटेल्स शेयर करें।

**पॉइंट्स कमाने की प्रक्रिया**

- ओज़ोस्टार्स ऐप डाउनलोड करें और लॉगिन करें
- प्रोडक्ट बॉक्स में लगे QR कोड को स्कैन करें
- निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, रिडीम करें

इसी कार्यक्रम के तीन विजेताओं से मिलिए जिन्होंने सबसे ज्यादा कस्टमर्स के घरों में ओज़ोन प्रोडक्ट्स लगाए। विनर्स ने ओज़ोन प्रोडक्ट्स डीलर्स से खरीदे, कस्टमर्स को दिलाये और हर प्रोडक्ट स्कैनिंग पर पॉइंट्स पाए। कमाए गए सभी पॉइंट्स आकर्षक इनामों के बदले उन तक पहुंचाए गए जैसे अमेज़न या फ्लिपकार्ट के वाउचर्स।



चमकते सितारों को ओज़ोन की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं



सुनील कुमार ₹85,000 फैब्रिकेटर्स, उत्तर प्रदेश

अमरींदर सिंह ₹96,000 फैब्रिकेटर्स, पंजाब

मनोज कुमार ₹95,000 फैब्रिकेटर्स, पंजाब

तो बस ओज़ोस्टार्स ऐप पे QR कोड्स स्कैन करते जाइए और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते जाइए।

www.ozone-india.com

# प्रदेश विश्वकर्मा सभा ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**जम्मू। श्री विश्वकर्मा महापूजा समारोह के पूर्व संध्या पर प्रदेश विश्वकर्मा सभा जम्मू-कश्मीर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर अतिथि ओ.बी.सी सलाहकार बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राशपाल वर्मा, आर.एल चारगोत्रा उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा, सभा के चेयरमैन लखपत राय, वाई.पी. बार्नी व हंसराज चारगोत्रा ने 80 छात्रों/अचीवर्स को स्मृतिचिन्ह व उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।**

कक्षा 10 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में गौरवी महोत्रा, देवंशी, अरुण वर्मा, अंश वर्मा, कशिश भारती, वर्षा वर्मा, श्रुति वर्मा, सुमित सलगोत्रा, वैदिक वर्मा, सरूची वर्मा, शगुन काटल, हरीश ठकयाल, आदर्श कटारिया, संभव कलोत्रा, दृष्टि वर्मा, कृतिका कटारिया, पीयूश वर्मा शामिल हैं। 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में सिद्धार्थ वर्मा (जे.ई.ई एडवांस में जे.के द्वितीय स्थान के लिए), प्रिया वर्मा, रिया वर्मा, रुशिका चालोत्रा, अपेक्षा वर्मा और शापाली देवी (दोनों जिला उधमपुर से), शुवम वर्मा, वंशित वर्मा, विशाल वर्मा , विशाल वर्मा, अदिति अंगोत्रा, आर्यन गौतम, आशिवन, भूमि वर्मा, अवंतिका रैना, धनुष दलमोत्रा, दिव्या वर्मा, गुरसाहिब सिंह, हार्दिक कटारिया, कोमल वर्मा, जतिन तलगोत्रा, कृषक वर्मा, मानवी वर्मा, आयुष वर्मा (अखनूर), संजीव वर्मा, शिखा वर्मा, सृष्टि वर्मा, सौरव वर्मा, तविशी दलमोत्रा, वंशिका रैना, वरुण चंदेल शामिल हैं।

कला और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में पी.जी के लिए डॉ. रूपाली और डॉ. लिजा मनहोत्रा, गायन के लिए नीरज वर्मा शामिल हैं। संदीप वर्मा, राकेश चालोत्रा, रजत वर्मा और विनोद जरल को अभिनय / नई डोगरी फिल्म मौज मस्ती के निर्माण के लिए, सुमीत वर्मा को कराटे में स्वर्ण पदक के लिए, प्रीति वर्मा को जे.आर.एफ (अखनूर से), अभिषेक बी.टेक (अपने बैच के टॉपर्स में) के लिए पुरस्कृत किये गए।

इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष शशि वर्मा और विजय कुमार (मुख्य सचिव) ने सम्मानित छात्रों को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। शक्ति नगर इकाई के अध्यक्ष राकेश चालोत्रा ने समुदाय के सदस्यों से हर संभव तरीके से सभा का समर्थन करने का वादा किया। इस कार्यक्रम में पूरे जम्मू प्रांत से महिलाओं और बच्चों सहित विश्वकर्मा समाज का एक बड़ा हिस्सा शामिल हुआ। इससे पहले अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की कार्यवाही का संचालन करने वाले बलवंत कटारिया ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन लखपत राय की सहमति से वंदना सागर चारगोत्रा को प्रदेश विश्वकर्मा सभा जम्मू-कश्मीर की महिला शाखा का अध्यक्ष घोषित किया। समारोह में हंसराज चारगोत्रा, ओम दलमोत्रा, राम लाल (प्रिंसिपल), रवि वर्मा, डॉक्टर सुशांत चंदेल, रीना चंदेल, दर्शन सिंह, पुरषोतम चरगोत्रा, सुभाष वर्मा (लेक्चरर), रशपाल सिंह (खौड़ से), सोनिआ वर्मा, जोगिन्दर पाल, सुभाष वर्मा, तरसेम लाल, जगदीश करगोत्रा, राजिंदर कुमार, मास्टर कृष्ण सभरबल, जोगिंदर अंगोत्रा, ओम कटारिया, चरणजीत बिट्टा, शाम चारगोत्रा, एडवोकेट अमरजीत चारगोत्रा आदि उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा पूजा सम्मान और स्वाभिमान का पर्व

**आजमगढ़।** विश्वकर्मा भवन नरौली पर पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा, आरती व हवन किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस हमारे सम्मान और स्वाभिमान का पर्व है। हम सभी प्रदेशवासियों, विश्वकर्मा शिल्पकार समाज को पूजा की बधाई देते हैं। आज के दिन भगवान विश्वकर्मा का पूजा पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भगवान विश्वकर्मा के पूजा पर्व पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को निरस्त कर भगवान विश्वकर्मा का अपमान किया है। भाजपा विश्वकर्मा समाज की विरोधी है, क्योंकि वह लोग कभी भी अपने कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा का पूजा नहीं करते। उन्होंने मांग किया कि सरकार 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जे



आर विश्वकर्मा व पंडित अमरनाथ शर्मा को पूर्व मंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जे आर शर्मा व संचालन अभाविशिम के जिला महामंत्री दिनेश विश्वकर्मा ने किया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, चेयरमैन जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा व विश्वकर्मा समाज के कई गणमान्य नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा पूजा पर विद्यार्थियों को बांटी कापियां

**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस की पूर्व संध्या पर श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लॉट जम्मू ने नवीन शिक्षा अकादमी हाई स्कूल, नरवाल जम्मू में 200 कलैण्डर व 100 नोटबुक कक्षा 6वीं, 7वीं व 8वीं के विद्यार्थियों को वितरित किए। स्कूल के मालिक प्रिंसिपल सेवानिवृत्त रामलाल विश्वकर्मा हैं। इस स्कूल में ज्यादातर छात्र समाज के कमजोर वर्ग से आते हैं। इस अवसर पर बलवंत कटारिया ने प्रेरणात्मक भाषण देते हुए विश्वकर्मा पुस्तकालय का नारा, 'खूब पढ़ो, आगे बढ़ो' दोहराया। इस आयोजन में जोगिंदर अंगोत्रा ने अहम भूमिका निभाई।




# बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण मंदिर का लोकार्पण

**नासिक।** महाराष्ट्र की पुण्य आध्यात्मिक नगरी नासिक में स्वामीनारायण मंदिर का लोकार्पण बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण सत्संग के वर्तमान गुरु हरि महंत स्वामी महाराज के कर कमलों से वेदोक्त शास्त्र अनुसार मूर्ति प्रतिष्ठा सम्पन्न हुआ।



भारतीय स्थापत्य कला के एक उत्तम उदाहरण रूप यह मंदिर कला मंडित स्तम्भ,कमानी,कलात्मक शिखरों व गुंबदों से सुशोभित है। सांस्कृतिक चेतना के पवित्र धाम के रूप में यह बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण मंदिर भक्ति, सत्संग, सेवा व नई पीढ़ियों के लिए संस्कार दान का अनुपम तीर्थ बनेगा। मंदिर के गर्भगृह में भगवान स्वामीनारायण, अक्षर ब्रह्म गुनातीतानंद स्वामी, हरी कृष्ण, राधा कृष्ण, घनश्याम, शिव पार्वती, गणेश, सीता राम, हनुमान, लक्ष्मीनारायण, विट्ठल रुक्मणि आदि सहित 12 संतों की भी मूर्तियां स्थापित की गई है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित रहे।



# सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय : स्वामी हरि चैतन्यपुरी

**रामनगर। प्रेमावतार, युगदृष्टा, श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं भारत के महान सुप्रसिद्ध युवा संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है।**



उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं, जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे।

अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि हम सभी रावण का प्रतिवर्ष दहन करते हैं लेकिन इस अवसर पर अपनी आसुरी प्रवृत्तियों को भी त्यागने का संकल्प भी लें, तभी हमारा इन त्योहारों को मनाना पूर्णरूपेण सार्थक होगा। भगवान राम की रावण पर विजय, सत्य की असत्य पर, अच्छाई की बुराई पर, धर्म की अधर्म पर विजय है यह हमेशा होती रही है और होती रहेगी। महाराज श्री ने कहा कि असत्य, अधर्म, अन्याय व बुराई हो सकता है कि हमें कुछ समय के लिए फलते फूलते से प्रतीत हों परंतु अंत में विजय सत्य, धर्म व अच्छाई की होगी। हम सभी इन प्रतीकात्मक पर्वों से प्रेरणा व संदेश ग्रहण कर अपने जीवन को दिव्य, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, प्रभुभक्तिमय, राष्ट्रीयता व मानवता से ओतप्रोत बनाएं।

उन्होंने कहा कि आज लोगों के धर्म से विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है। हमें समाज को बदलने के लिए लोगों की दृष्टि बदलने की आवश्यकता है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। यह सब बातें अध्यात्म के ज्ञान के बिना संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता है वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि धर्म के वैज्ञानिक तथ्य नकारने से ही ढोंग, पाखंड व आडंबर बढ़ा है। हमारे इस पवित्र भारत देश में भी अनाचार, अत्याचार, भ्रष्टाचार, घृणा व विद्वेष का वातावरण बनता जा रहा है। अधिक से अधिक भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करना लोगों ने जीवन का परम लक्ष्य बना लिया है। ऊंच-नीच तथा भेदभाव को अनुचित बताते हुए कहा कि सभी लोगों को मिल जुल कर रहना चाहिए। क्योंकि दुनिया में सभी धर्म सही शिक्षा देते हैं। त्याग, दृढ़ता संयम व तदनुकूल आचरण इन चारों से एकत्र होने पर ही सफलता प्राप्त होती है।

महाराज श्री के दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी भक्तजन मंत्रमुग्ध व भावविभोर हो गए व 'हरिबोल' की धुन में झूम उठे। सारा वातावरण 'श्री गुरु महाराज' 'कामां के कन्हैया' व 'लाठी वाले भैया' की जय जयकार से गुंजायमान हो उठा। महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य प्रवचन सुनने राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, बंगाल, मुंबई व देश के विभिन्न भागों से हजारों की संख्या में भक्तजन यहां पहुंचे। महाराज जी द्वारा गाए गए भजन को सुनकर तथा उनकी सुंदर छटा को देखकर वहां उपस्थित भक्तों की प्रेमवश अश्रुधारा बह बैठी। पंडाल छोटा पड़ जाने के कारण भक्तों को खड़े होकर ही प्रवचन सुनकर संतोष करना पड़ा। हरेला त्यौहार भी पारंपरिक ढंग से मनाया गया। कन्या पूजन में करीब 1008 कन्याओं का पूजन करके महाराज जी ने दक्षिणा प्रदान की। इस दौरान श्री हरि कृपा आश्रम में अपार जनसैलाब उमड़ा तथा दूरदराज से आए भक्तों की महाराज श्री के दर्शनार्थ कतारें लगी थी। यज्ञ में अनेक छोटे बच्चों के मुंडन में यज्ञोपवीत संस्कार भी हुए।

## स्वास्थ्य

# मूली: पाइल्स रोगियों के लिए वरदान

**मूली का पराठा या सलाद तो सभी ने खाये होंगे। मूली सिर्फ मुंह का जायका ही नहीं बल्कि कई रोग दूर करने में भी मदद करती है। पाइल्स के रोगियों के लिए मूली वरदान से कम नहीं है। मूली का उपयोग सही तरह से करने से पाइल्स जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। पाइल्स एक ऐसी पीड़ादायक बीमारी है जिसमें शरीर के विशेष हिस्से में हर समय दर्द और जलन बनी रहती है। अगर यह रोग एक बार बिगड़ जाए तो व्यक्ति को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।**



आयुर्वेद में पाइल्स के मरीजों को अक्सर मूली खाने की सलाह दी जाती है। मूली में रापिनिन, ग्लूकोसाइलिनेट्स और विटामिन-सी जैसे मेटाबोलाइट्स होते हैं, जो बवासीर की वजह से होने वाली सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

मूली में वाष्पशील तेल पाया जाता है, जो एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरा हुआ होता है। इससे सूजन कम होती है और बवासीर में खुजली और दर्द से राहत पाने में मदद भी मिलती है।

**मूली का ऐसे करें इस्तेमाल –**

प्रतिदिन कच्ची मूली खाने से फायदा मिलेगा। इसके अलावा 100 ग्राम मूली को घिस कर उसमें 1 चम्मच शहद मिलाकर दिन में 2 बार इसका सेवन करें। चाहें तो पाइल्स के मरीज को मूली का रस भी पिलाया जा सकता है।

मूली का पेस्ट बना कर उसमें थोड़ा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को संक्रमित जगह पर लगाएं। इससे पाइल्स का दर्द और सूजन दोनों कम होंगे।

मूली का रस निकालकर उसमें एक चुटकी सेंधा नमक मिलाकर पी सकते हैं। इससे उतना ही लाभ मिलेगा, जितना कि साबुत मूली खाने पर मिलता है।

मूली की पत्तियों को छाया में सुखाकर उसका चूर्ण बना सकते हैं। एक महीने के नियमित सेवन से आपको फर्क नजर आने लगेगा। पाइल्स की समस्या होने पर बाजार में आसानी ये उपलब्ध हो जाने वाले मूली के पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान–**

- तला हुआ, भारी, मसालेदार, खट्टे और गर्मी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें।
- बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए।
- लंबे समय तक खड़े होने और बैठने की स्थिति से बचें।
- भारी वजन उठाने से बचें।
- बवासीर से राहत पाने के लिए मूली को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।
- बवासीर से राहत पाने के लिए खाने में आयुर्वेद के नियमों का पालन करें।
- सोने और जागने का समय निर्धारित करें।
- शारीरिक गतिविधियां जैसे योग, वॉक, रस्सी कूद इत्यादि को अपने लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं।

## जायका इंडिया का

# मसाला दाल

**दाल को कई तरह से बनाया जा सकता है। सबसे ज्यादा बनने वाली दालों में अरहर की दाल टॉप पर है। यह प्रोटीन का काफी अच्छा सोर्स है और इसमें कई पोषक तत्व इसमें पाए जाते हैं। चावल के साथ टेस्टी मसाला दाल लाजवाब लगती है।**



सामग्री - अरहर की दाल, अदरक-लहसुन का पेस्ट, लंबा कटा प्याज, बारीक कटा प्याज, कटा टमाटर, हींग, जीरा, घी, करी पत्ता, हल्दी, नमक, कसूरी मेथी, नींबू, हरा धनिया।

विधि - दाल को 2 से 3 घंटे भिगो लें। अगर कुकर में पका रहे हैं तो कम से आधे घंटे के लिए दाल भिगाएं। इसे अच्छी तरह धोकर बर्तन में डालें। इसमें कटा लंबा प्याज, टमाटर, अदरक का पेस्ट (आधा चम्मच), हल्दी और नमक डालकर उबलने को रख दें। ध्यान रखें पानी इतना डालें कि दाल गाढ़ी रहे। अगर इस दाल का सही स्वाद लेना है तो प्रेशर कुकर में उबालने की बजाय दाल को किसी हांडी नुमा बर्तन में ढक कर पकाएं। जब दाल उबल जाए तो फ्राइंग पैन या भगौने में तड़का तैयार करें। इसके लिए एक पैन में घी लें। इसमें जीरा, हींग, करी पत्ता, बारीक कटा प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। ये भुनने लगे तो थोड़ी सी कसूरी मेथी डालें। पेस्ट को तब तक पकाएं जब तक ये घी न छोड़ दें। अब इसमें दाल डाल दें। थोड़ी देर दाल चलाएं अब गैस बंद करके इसमें थोड़ा सा नींबू निचोड़कर हरा धनिया डाल दें। सर्व करते समय ऊपर से घी डालें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

**श्री विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन मुंबई सहित उपनगरों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से किया गया। ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव ने करीब 20 स्थानों पर आयोजित विश्वकर्मा महापूजा में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। सामाजिक संस्थाओं ने यूरो एडहेसिव के इस सहभागिता की प्रशंसा करते उनके कर्मचारियों को सम्मानित किया।**

### सांताक्रुज



नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से वाकोला में विश्वकर्मा महापूजा का आयोजन किया गया।

### मीरा रोड







श्री विश्वकर्मा फॉउंडेशन मीरा भायंदर की ओर साईबाबा नगर स्थित संट थॉमस चर्च हाल में महापूजा आयोजित की गई।

### ठाणे



श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज एसोसिएशन की ओर से भीम नगर, हिंगलाज माता मंदिर हाल, वर्तक नगर में श्री विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया।

### कांदिवली

श्री विश्वकर्मा समिति, श्री विश्वकर्मा वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से वडारपाड़ा स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में महापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया।



### वसई




श्री विश्वकर्मा चेरिटेबल संस्था की ओर से महापूजा का आयोजन किया गया।

### धारावी




### खारघर




### घाटकोपर




श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से 90 फिट रोड पर श्री विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया।

### असल्फा



श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति की ओर से श्री विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया।

### पवई




### सायन




### बेलापुर



श्री विश्वकर्मा समाज एसोसिएसन की ओर श्री विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया।



**HARRISON**®
*Partners In Progress*

## कारपेंटर भाईयो के लिए सुनहरा मौका

कम्पनी के पास किसी भी क्षेत्र में कारपेंटर से जुड़ा कोई भी काम आता है तो वह काम हरीसन परिवार से जुड़े कारपेंटर भाइयों को दिया जाएगा।

आज ही बने अपने क्षेत्र के हरीसन के सेवा प्रदाता (service Provider ) व पाएं लाभ ही लाभ

## HARRISON SUVIDHA STORE

The idea involves display of various Company items – especially upcoming ones at one place. The Company selects Locations on the basis of minimum 150/250 Sq.meters space. Company incurs all the expenses incurred on Products & Branding, while the expenses on interiors are shared in the agreed ratio between the Company/Owner.

At present we are having Suvidha Stores at the following locations:

**1.HARRISON SUVIDHA STORES**

* Chawri Bazaar, Delhi
* Gurugram-Sikandarpur
* Bahadurgarh
* Hyderabad



**2.HARRISON STUDIOS**

* Central Market, Punjabi Bagh New Delhi ( Open )



**We solicit requests for Suvidha Store at 9310142401(Marketing DEPH.)**

# "Carpenter पाठशाला"





To Train and Sharpen Carpenters skill with, latest products and Technologies, at Harrison's Carpenter Pathshala.



at MEENAKSHI HARDWARE, CARPENTER PATHSHALA Kukatpally, (HYDERABAD)




**Toll Free No. 1800-572-5795**

Website: www.harrisonlocks.com | Find us on :

• LOCKS • DOOR HARDWARE • FURNITURE HARDWARE• DOOR CONTROL • KITCHEN BASKETS & VELV'E' DRAWER TANTEM 'E' BOXES • SCREW & FASTENERS • E-SMART SECURITY SOLUTIONS • ADHESIVE DIVISION • BED FITTING • TOWER BOLT • MODULAR STORAGE


HARRISON
HARRISON®
Partners In Progress
अधिक बेचो अधिक लाभ पाओ
SUVIDHA SCHEME OFFER !!
कारपेंटर
भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम
आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का
Toll Free No. 1800-572-5795
नॉटः- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
Find us:-
BE LOCAL BE VOCAL | BUY INDIAN PRODUCTS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355-015-108
R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com
Call 09310142401 for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires
स्कैन करें
लाभ उठाएं।

# दीपावली : दीप ही नहीं, सदगुणों को भी आलोकित करें



**भारत एक विशाल देश है जहां विभिन्न धर्मों व संप्रदायों को मानने वाले लोग रहते हैं। अतः यहां मनाए जाने वाले त्यौहार और पर्व भी अनेक हैं। ये त्यौहार जहां हमारे जीवन में आनंद, उमंग और उत्साह का संचार करते हैं, वहीं हमारी अद्भुत, अनमोल और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी रेखांकित करते हैं। वैसे तो प्रत्येक त्यौहार का अपना एक विशेष महत्व होता है, परंतु इन सब में दीपावली का त्यौहार अपनी एक अलग ही पहचान रखता है।**

दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है। यह हमें समाज में फैली अनेक बुराइयों के अंधकार को समाप्त कर अच्छाइयों के प्रकाश की ओर ले जाने हेतु प्रेरित करता है। यह जन-जन का पर्व है। छोटे-बड़े, धनी-निर्धन सभी इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाते हैं। इस दिन हमें यह निश्चय करना चाहिए कि हम केवल बाहर के प्रकाश पर ही ध्यान न दें अपितु अपने हृदय में भी सद्गुणों को आलोकित करें तथा यह प्रयास करें कि इस संसार में जहां कहीं भी गरीबी, भूखमरी, अशिक्षा एवं बुराइयों का अंधेरा है, वह दूर हो। हमें ये पंक्तियां सदा याद रखनी चाहिए। दिये जलाओ पर रहे ध्यान रखना कि अंधेरा कहीं धरा पर रह न पाए।

दीपावली का प्रकाशोत्सव हमें सद्भावना, सदाचार एवं मेल-मिलाप का संदेश देता है। इसे पूर्ण निष्ठा, पवित्रता एवं उचित ढंग से मनाया जाना चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो एवं चारों ओर खुशियों एवं उल्लास का वातावरण बना रहे। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विचार करें तो दीपावली अंधकार-मुक्ति का पर्व है। मनुष्य के अंदर अज्ञानरूपी अंधकार का निवास है। दीपक आत्म-ज्योति का प्रतीक है जिसे जलाकर मनुष्य अपने अन्तस को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित कर सकता है, जिससे उसके मन-प्राण पुलकित हो उठें।

# पारंपरिक रंगोली से सजाएं आंगन

**किसी भी प्रकार के मंगल कार्य में रंगाली का बहुत महत्व है। दीपों के पर्व दिवाली की तो रंगोली के बिना इस त्योहार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समय के साथ-साथ रंगोली बनाने के तरीकों में बदलाव आया है, लेकिन इसे लेकर उत्साह बिल्कुल कम नहीं हुआ। यही कारण है कि पारंपरिक रंगोली का नयापन भी मन को मोहता है।**

**रंगोली –** रंगों की सहायता से, कई लयबद्ध बिंदुओं को मिलाते हुए रंगोली की कई सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाई जाती हैं, जो बेहद आसान और आकर्षक होती है। यह तरीका आसान होने के कारण युवतियों के साथ ही छोटी बालिकाएं भी आसानी से रंगोली को आकार दे सकती हैं। इसके बाद इसमें अपने अनुसार रंग भरकर इसे और भी आकर्षक बनाया जाता है। तब तैयार होती है, खूबसूरत रंगोली। अगर आपको रंगोली बनाना कठिन लगता है, तो आपके लिए सबसे बेहतर तरीका यही है। इसके लिए बाजार में किताब उपलब्ध है।

**मांडना –** वर्तमान में रंगोली का प्रचलन सबसे अधिक है, लेकिन पुरानी परंपरानुसार आज भी आंतरिक इलाकों में मांडने बनाए जाते हैं। यह घर के आंगन या फर्श पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर आकर्षक ढंग से बनाए जाते हैं। आप अगर ही दिन रंगोली नहीं बनाना चाहते तो मांडना पारंपरिक और खूबसूरत तरीका है।मांडने की एक खासियत यह भी है, कि यह लंबे समय तक बने रहते हैं। इसे बनाने के लिए गीले रंगों का प्रयोग किया जाता है, जो सूखने के बाद लंबे समय तक उतने ही आकर्षक नजर आते हैं।


**फूलों की रंगोली –** रंगोली बनाने का एक बेहद खूबसूरत तरीका यह भी है। दुनिया में फूलों से ज्यादा सुंदर चीज और कुछ भी नहीं। इन्हीं रंगबिरंगे फूलों और पंखुड़ियों का प्रयोग कर जब रंगोली बनाई जाती है, तो यह न केवल आंखों को खूबसूरत दिखाई देती है, बल्कि इसकी महक से आपका मन भी इस खूबसूरती को महसूस करने लगता है। दक्षिण भारत में खास तौर से इस तरह की रंगोली बनाई जाती है, और अब हर जगह यह प्रचलन है।

**तैलीय रंगों की रंगोली –** तैलीय रंगों और सामान्य पक्के रंगों द्वारा भी रंगोली बनाई जाती है, जो लंबे समय तक बरकरार रहती है। इसे बार-बार बनाने की आवश्यकता नहीं होती। और आप इसके लिए जितने चाहें उतने रंगों का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इसे सीधे ब्रश की सहायता से मनचाही आकृतियों में घर के आंगन, फर्श या फिर आप जहां चाहें बना सकते हैं।

**कृत्रिम सांचों से बनी रंगोली –** यह रंगोली बाजार में उपलब्ध अलग-अलग आकृतियों और सांचों से बनाई जाती है, जिसके लिए आपको हाथ से मेहनत करने की जरूररत नहीं होती। बस सांचे में रंगोली भरकर अपने अनुसार आकृतियां उकेरी जा सकती हैं।

# जीवन में संतुलन सिखाती है शिव की नगरी

**वाराणसी।** भगवान शिव से बेहतर संतुलन साधक और कोई नहीं। शिव का अर्धनारीश्वर रूप स्त्री-पुरुष समानता एवं संतुलन का प्रतीक है। काशी भगवान शिव की नगरी है, यह जीवन में संतुलन



सिखाती है।अपने आत्मज्ञान दिवस के अवसर पर होटल ताज के दरबार हाल में अपने शिष्यों के साथ सत्संग करते हुए यह बातें सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कही।

उन्होंने कहा कि काशी का अर्थ है प्रकाश स्तंभ। दुनिया के अधिकांश पर्यटक एफिल टावर देखने जाते हैं जो स्टील का एक स्तंभ है। लोग माउंट एवरेस्ट भी नहीं जाते, जबकि उन्हें ज्ञान के प्रकाश के इस स्तंभ तक आना चाहिए। पर्यटकों के इस अनुपात से पता चलता है कि दुनिया किस मनोदशा में जी रही है।

नवरात्र महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए सद्गुरु ने कहा कि नवरात्र देवी के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है। दुनिया की सभी प्राचीन सभ्यताओं में देवी की उपासना का प्रमाण मिलता है किंतु अब यह केवल भारत में ही बचा है। यह पर्व दुनिया में स्त्री शक्ति की स्थापना का पर्व है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संपूर्ण विश्व में स्त्री गुणों का विनाश हो रहा है। पुरुषवाद बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति इस हद तक प्रबल हो चुकी है कि खुद महिलाएं पुरुष बनना चाहती हैं या उनकी तरह दिखना चाहती हैं। यह एक विचित्र स्थिति है, ऐसे में अंततः स्त्रियां केवल दुख ही पाएंगी। उन्होंने कहा कि स्त्री और पुरुष सृष्टि रूपी पृथ्वी के दो ध्रुव हैं। जिस तरह उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर पृथ्वी टिकी है और सृष्टि चल रही है। यदि उत्तरी ध्रुव दक्षिणी ध्रुव पर चला जाए तो क्या होगा, पृथ्वी नष्ट हो जाएगी। उत्तरी ध्रुव पिघल भी रहा है, वह भूमध्य रेखा तक आएगा और फिर अंततः दक्षिण ध्रुव चला जाएगा। यही स्थिति स्त्री-पुरुष मनोदशा की है।

सद्गुरु ने श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का दर्शन-पूजन किया। पवित्र महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पहुंचकर शिष्यों को जीवन की निस्सारता का बोध कराया। उन्होंने कहा जीवन में तमाम परिस्थितियां आती हैं, आप स्वयं में उन परिस्थितियों को औरों से पहले देख लेने की दृष्टि विकसित करें, तभी जीवन में बेहतर यात्री बन सकते हैं। आपके आसपास सब कुछ बदल जाए, इससे बेहतर है कि उससे पहले आप बदल जाएं। सद्गुरु ने बताया था कि जब वह 25 वर्ष के थे, तब उन्हें मैसूर में 23 सितंबर को ही ज्ञान प्राप्त हुआ था। अब से इस आत्मज्ञान दिवस को वह प्रतिवर्ष काशी में मनाएंगे।



# ट्रेन में सफर करते दिखे सोनू सूद



कोरोना महामारी के दौरान सोनू सूद ने जिन लोगों तक मदद पहुंचाई है, उनकी नजर में वे भगवान से कम नहीं हैं। सेलिब्रिटी होने के बावजूद सोनू निजी जिंदगी में बेहद साधारण है। अपने सोशल मीडिया पेज पर वह मजेदार वीडियोज शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने स्टेशन की जिंदगी दिखाई है। संघर्ष के दिनों में उन्होंने ट्रेन से बहुत सफर किया है। सोनू कहते हैं कि यहां की जिंदगी जैसी होती है वैसी कहीं की नहीं है। इस दौरान कभी वो प्लेटफॉर्म के बेंच पर सोते हैं तो कभी नल से पानी पीते हैं।

सेलेब्स और उनके नखरों के बारे में तो कई बार खबरें आती हैं। सोनू सूद अभी भी जमीन से कितने जुड़े हुए हैं उनके वीडियो में इसकी झलक मिलती है। सोनू एक बेंच पर लेटे होते हैं, जब कैमरा उनके पास आता है तो कहते हैं यहां भी डिस्टर्ब कर रहे हो। स्टेशन पर भी कोई चैन से लेटने नहीं देता है। एक बात सच्ची बताऊं क्या, जो जिंदगी यहां की है वो कहीं की नहीं है। हम लोग इस वक्त बोईसर में खड़े हैं, रात के 10 बजने वाले हैं, शूटिंग पैकअप किया, तो चलिए ट्रेन का सफर करते हैं। इसके बाद सोनू ट्रेन में चढ़ जाते हैं। वह ट्रेन से सफर करते दिखते हैं। वीडियो में आगे सोनू स्टेशन पर लगे नल से पानी पीते हैं। वह कहते हैं कि ये जो पानी है ना, दुनिया का कोई बिसलरी का बॉटल, मिनरल वॉटर मुकाबला नहीं कर सकता। एकदम सुपर हेल्दी।

# करीना कपूर को फैंस ने घेरा

करीना के टैलेंट के साथ साथ उनके स्वभाव की भी काफी प्रशंसा की जाती है। एक्ट्रेस को अक्सर मीडिया रिपोर्टर्स के साथ अच्छे तरीके से पेश आते देखा गया है। करीना का डाउन टू अर्थ बिहेवियर एक बार फिर चर्चा में आ गया है। दरअसल करीना का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो फैंस के बीच फंसी नजर आ रही हैं।

करीना अपने छोटे बेटे जेह अली खान के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एक्ट्रेस अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए लंदन जा रही थी। इसी बीच फैंस ने उन्हें घेर लिया और सेल्फी लेने लगे। इस बीच फैंस के बीच धक्का मुक्की होने लगी और इसमें करीना बीच में फंसी रह गई। हालांकि करीना ने अपना आपा नहीं खोया और चेहरे पर मुस्कान लिए फैंस के साथ सेल्फी खिंचाई। एक्ट्रेस के इस व्यवहार की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।



# श्वेता तिवारी ने पहनी बिकिनी

श्वेता तिवारी स्टार तो बन गईं लेकिन विवादों ने उनका पीछा कभी नहीं छोड़ा। कभी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर तो कभी अपने बयानों को लेकर श्वेता तिवारी लगातार सुर्खियों में बनी रहीं।

श्वेता तिवारी ने उस वक्त अपने सभी फैंस को शॉक दे दिया था, जब एक टीवी शो में वह साड़ी छोड़कर बिकिनी पहने नजर आईं। श्वेता तब तक टीवी शोज में संस्कारी बहू वाले किरदार निभा रही थीं और फिर जब अचानक फैंस ने उन्हें इस अंदाज में देखा तो शॉक्ड हो गए। सोनी पर आए टीवी शो इस जंगल से मुझे बचाओ में एक्ट्रेस खुले में बिकिनी पहनकर नहाते हुए नजर आई थी। ये क्लिप इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ था।


श्वेता तिवारी का विवादों से पुराना नाता रहा है। पहले राजा चौधरी और फिर अभिनव कोहली के साथ शादी के बंधन में बंधीं श्वेता तिवारी की जिंदगी में कुछ ना कुछ ऐसा हो ही जाता है जिसके चलते वह खबरों में बनी रहती हैं। श्वेता तिवारी यूं तो अपनी भाषा पर संयम रखने के लिए जानी जाती हैं लेकिन एक मीडिया इवेंट में उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया कि जमकर बवाल हुआ था।



# ट्रांसपेरेंट स्कर्ट पहन कर निकली उर्फी जावेद

अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहने वाली उर्फी जावेद हर बार अपने नए लुक से लोगों को हैरान कर देती है। उर्फी सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती है। अपने अजीबो ड्रेसिंग सेंस के चलते आए दिन चर्चा में रहने वाली उर्फी अपने कपड़ों के साथ अक्सर नए नए प्रयोग करती रहती है।

अब तक उर्फी को कभी फूल पत्ती, कभी शीशा, कभी जंजीर, ब्लेड तक की बनी ड्रेस में देखा जा चुका है। यहां तक की उर्फी सिल्वर वर्क के साथ भी एक्सपेरिमेंट कर अपनी ड्रेस की लुक देकर तस्वीरें साझा कर चुकी है। अब एक बार फिर उर्फी अपने लुक को लेकर चर्चा में हैं।



उर्फी ने हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्हें सिंपल सी टी-शर्ट स्कर्ट पहनकर वॉक करते हुए देखा जा सकता है। अपनी स्कर्ट से उन्होंने सभी को एक बार फिर से हैरान कर दिया है। इस वीडियो में वह मनिहारी गाने पर कलाई घड़ी से बनी स्कर्ट में जमकर स्टाइलिश अंदाज में पोज करते देखा जा सकता है। उर्फी जावेद ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि अभी टाइम क्या हुआ है। उर्फी के इस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। तो वहीं कुछ लोग उर्फी के इस लुक में कमियां भी निकाल रहे हैं।

# शहनाज को कॉपी करती दिखी मलाइका


शहनाज गिल अपनी क्यूटनेस और डाउन टु अर्थ नेचर के लिए जानी जाती है। उनकी सादगी और शालीन अंदाज फैंस को बहुत पसंद है। शहनाज गिल बेधड़क वो काम करती हैं जो उन्हें करना पसंद है। पिछले दिनों उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें शहनाज गिल रैंप वॉक के दौरान डांस करने लगी थी क्योंकि बैकग्राउंड में बज रहा म्यूजिक उन्हें अच्छा लग रहा था। अब मलाइका अरोड़ा भी कुछ ऐसा ही करती नजर आई है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह फैशन शो में रैंप वॉक करने के दौरान डांस करने लगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस क्यूट वीडियो पर बेहिसाब लाइक्स आए है, लेकिन कमेंट सेक्शन में लोग उन पर शहनाज गिल को कॉपी करने के आरोप लगा रहे है। लोगों ने उन्हें ऐसा करने के लिए जमकर ट्रोल किया है।



# हिना ने लहंगे में बिखेरा जलवा

हिना खान ने येलो ड्रेस में सोशल मीडिया पर अपना फोटोशूट शेयर किया है। इस फोटोशूट में हिना खान अलग अलग लुक्स में पोज देती नजर आ रही है। हाल ही में हिना खान एक इवेंट में रैंप वॉक करती नजर आई थी। येलो लहंगे में हिना खान का ट्रेडिशनल लुक देख फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं। हिना खान टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं जो कई फेमस शो और म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं।



OZONE®
FOR A SAFER WORLD

ओज़ोन प्रोड्क्ट्स के साथ,
मुनाफ़े की बात

क्यूआर कोड स्कैन करो और पाओ 5.25% की एक्स्ट्रा कमाई

OZO STARS
एक पहल, अपनों के साथ!

लॉयल्टी प्रोग्राम



पॉइंट्स कमाने की प्रक्रिया

1 ओज़ोस्टार ऐप डाउनलोड करें और लॉगिन करें

2 प्रोडक्ट बॉक्स में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें

3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, रिडीम करें

अधिक जानकारी के लिए 18002020204 पर कॉल करें

ओज़ोस्टार ऐप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें